



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 224 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 31 मई 2025 | मूल्य 2 रुपया


## पटवारी रिश्वत के आरोप में निलंबित

**सुवासरा, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में बुधवार को राजस्व विभाग के पटवारी के द्वारा ली गई रिश्वत के मामले में एस डी एम शिवानी गर्ग ने पटवारी को निलंबित कर दिया। ग्राम पंचायत किशोरपुरा के किसान रमेश पिता प्यार जी माली ने अपनी जमीन के सीमांकन के लिए तहसील में एक आवेदन दिया था। इसके बाद तहसीलदार ने हल्का पटवारी दीपक व्यास को उक्त किसान की जमीन की सीमांकन के लिए निर्देशित किया था। पटवारी दीपक व्यास ने किसान रमेश माली से सीमांकन के बदले 40000 लिए। लेकिन पटवारी ने रुपये लेने के बाद भी किसान की जमीन का सीमांकन नही किया। नाराज किसान विधायक हरदीप सिंह डंग के कार्यालय पर पहुंचा। किसान ने विधायक को पटवारी द्वारा सीमांकन नही करने और इस काम के लिए रिश्वत के रूप में लिए गए रुपयों की जानकारी दी। और पूरा... **शेष पेज 3 पर**

# न काम के घंटे तय, न साप्ताहिक अवकाश

## 16 घंटे की ड्यूटी का तनाव बना रहा बीमारी का शिकार

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** काम के लोड और तनाव की बात करें तो इस समय सबसे ज्यादा स्थिति खराब है पुलिस विभाग की। 16 घंटे की ड्यूटी, इसके बाद कोई साप्ताहिक अवकाश नहीं। सरकार की घोषणा के बाद भी स्टॉफ की कमी से जूझ रहे पुलिस विभाग में साप्ताहिक अवकाश शुरु नहीं हो पाया। इधर परिणाम पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य और मानसिक तौर पर सीधे पड़ रहा है। स्वास्थ्य शिविर में बीस में कई बार यह साबित भी हो चुका है। स्थिति यह है कि जिले की 15 लाख की आबादी की सुरक्षा की जिम्मेदारी 1300 पुलिस वालों के जिम्मे है। पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था के अलावा अन्य कामों का बोझ अलग उठाना पड़ रहा है।

### सात माह से बंद साप्ताहिक अवकाश...

कुछ समय पहले विभाग में साप्ताहिक अवकाश की परंपरा शुरु हुई थी। लेकिन, सात माह से यह भी बंद है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तत्कालीन सीएम शिवराजसिंह चौहान ने जुलाई 2023 में वीकली ऑफ की घोषणा कर सिस्टम लागू किया था। लेकिन, अक्टूबर 2024 आते-आते छुट्टियां मिलना बंद हो गई। इसके पहले कमलनाथ सरकार के वक्त भी सिस्टम लागू होने के कुछ समय बाद छुट्टियां देना बंद कर दी थी। मंदसौर-नीमच जिलों में पदस्थ आरक्षक, प्रधान आरक्षक स्तर के पुलिसकर्मियों का कहना है कि वरिष्ठों ने थानों में स्टाफ की कमी बताई। इस कारण प्रतिदिन ड्यूटी कर रहे हैं।

### 20 प्रतिशत किसी न किसी रोग से ग्रसित...

पिछले साल हुए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण में 20 फीसदी बल किसी ना किसी रोग से ग्रसित निकला था। इनमें से किसी को हार्ट प्रॉब्लम, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटिज, लिवर समस्या, घुटनों में दर्द, नेत्र और श्वांस संबंधी परेशानियां सामने आई थी। कुछ को उम्र के मान से ये समस्याएं हुई हैं।

### सर्वे में आया था यह सामने...

प्रदेश में पुलिसकर्मियों को लेकर सर्वे कराया गया था। जिसमें पुलिसकर्मियों को सप्ताह में एक दिन अपने परिवार को समय देना जरूरी बताया गया था। दरअसल थानों में स्टाफ रोज 12 से 16 घंटे तक काम करता है। बीते सालों में प्रदेश के कई जिलों से मानवाधिकार आयोग तक अवकाश दिए जाने व पुलिस बल बढ़ाने जैसे बिंदू पहुंच चुके हैं।

### इन कामों के बोझ तले पुलिस...

पुलिस को अपराध की जांच, कानून व्यवस्था से जुड़ी ड्यूटी, सूचनाएं जुटाने के साथ पेट्रोलिंग भी करनी पड़ती है। पुलिसकर्मियों को वीआइपी ड्यूटी और त्योहारों व विशेष आयोजनों के दौरान व्यवस्था की देखरेख में भी लगाया जाता है। इन कामों के साथ पुलिसकर्मियों को अदालत से जुड़े जटिल काम भी करने होते हैं।

### यह है जिले में पुलिस स्टॉफ की स्थिति...

पिछले दिनों पुलिस महकमे में पदोन्नति का नया पैमाना बना था। जिसमें सेवा अवधि के मापदंडों के तहत आरक्षकों को कार्यवाहक प्रधान आरक्षक बनाया गया। इसी तरह कांस्टेबल को कार्यवाहक एएसआई व बढ़ते क्रम में कार्यवाहक एसआई व कार्यवाहक इंस्पेक्टर जैसी पोस्ट तक दी गई। इसके चलते निचले स्तर पर आरक्षक पदों की कमी हो गई व अन्य पदों पर भी असर दिखा। खास बात ये है कि प्रदेश में सब इंस्पेक्टर पदों पर भर्ती 2017 में हुईथी। जिले की बात करें तो मंदसौर में वर्तमान में थानों व पुलिस लाइन समेत 20 इंस्पेक्टर हैं। इनमें से 15 तो पुलिस थाने



संभाल रहे हैं व कुछ रिजर्व बल में हैं। इसी तरह वरिष्ठ पदों में एसपी, 2 एएसपी, 4 एसडीओपी, शेष संख्या में एसआई, एएसआई, हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल मिलाकर संख्या लगभग 1300 तक है।



### एट लेन एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसा...

# एक ही परिवार के 16 घायल, तीन रेफर

## तीर्थ यात्रा से लौटते समय ट्राले में पीछे से घुसी मिनी बस

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** तीर्थ यात्रा से वापिस लौटते समय मंदसौर का परिवार रतलाम एक्सप्रेस वे पर हादसे का शिकार हो गया। यहां दिल्ली मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस वे पर रेत से भरे ट्रॉले में पीछे से मिनी बस घुस गई। भिड़ंत से बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में मंदसौर के जैन परिवार के 16 लोग घायल है। तीन की गंभीर की हालत है। सभी घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया है। गंभीर घायलों को बड़ौदा रेफर किया गया है। घटना शुक्रवार सुबह 7.30 बजे की है।

जानकारी के अनुसार, मंदसौर निवासी जैन परिवार के सदस्य रविवार को गुजरात में जैन तीर्थों के दर्शन करने गए थे। गुरुवार शाम 6 बजे गिरनार जी से दर्शन कर वापस निकले थे। वह सभी जगह रास्ते में रुकते-रुकते आ रहे थे। इस दौरान सुबह करीब 7.30 बजे यह हादसा हो गया। डीडी नगर रतलाम थाना प्रभारी मनीष डाबर ने बताया कि 8 लेन पर हड़सर के पास रेत से भरा ट्रॉला आगे चल रहा था। ट्रॉला चालक ने ब्रेक लगाया, तभी पीछे से आ रही मिनी बस (ट्रैवलर) उसमे जा घुसी। हादसे में 16 लोग घायल हुए है। सभी घायलों को रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया है। हादसे की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, सभी घायल एक ही परिवार से है। मंदसौर के रांका परिवार के 2 और जैन परिवार के 13 लोग यात्रा पर एक साथ गए थे। मंदसौर से यह सभी रविवार को रवाना हुए थे। सबसे पहले गुजरात के शंखेश्वर तीर्थ गए। वहां से पालीताणा के बाद गिरनार जी आए थे। वापस रतलाम लौटते समय हादसा हो गया।

### यह हुए घायल, तीन गंभीर...

गौतम पिता धीरज जैन (15), रमेश पिता बाबूलाल (55), लक्ष्मी पति नीलम मारु (50), दिनेश पिता कन्हैयालाल रांका (53), अक्षय पिता विमल चंद (40), क्लीनर आरिफ पिता बाबू (40), प्रतीक पिता प्रेमचंद (32), प्रमोद काकरिया (65), जितेंद्र पिता चौथमल (48), सीमा पति रितेश (30), दिव्या पति धीरज जैन (35), नव्या पिता रितेश (20), आलोक पिता मोहनलाल जैन (32), धीरज पिता प्रमोद (24), अरुण पिता नीलम जैन (40) घायल हुए है। सभी रांका और जैन परिवार के सदस्य है। हादसे में अधिकतर लोगों के हाथ पैरों में चोटें आई है। तीन लोग गंभीर है, जिनमें रमेश पिता बाबूलाल को हेड इंज्युरी, लक्ष्मी पिता नीलम मारू को सिर-कमर और दिव्या पति धीरज जैन के पैर और कमर में लगी है। जिन्हें आईसीयू में एडमिट किया है।

### जावरा की थी बस...

जिस बस से परिवार के सदस्य गुजरात यात्रा पर गए थे वह (डीडी01पी9942) जावरा के विजय दसेड़ा की थी। सूचना के बाद बस मालिक भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। ड्राइवर कैलाश निवासी लुहारी मोहल्ला जावरा को चोट नहीं आई है। क्लीनर आसिफ को घायल हुआ है, उसे भी मेडिकल कॉलेज भर्ती किया गया है।रतलाम के जैन समाज के लोग पहुंचे

हादसे की सूचना पर रतलाम के जैन समाज के प्रकाश लोढ़ा, प्रितेश गादिया, पियूष भटेवरा, अनुप सेठिया आदि मेडिकल कॉलेज पहुंचे। समाजजनों से मुलाकात की। हादसे की सूचना पर मंदसौर से परिजन रतलाम पहुंच गए है।



## कुएं से निकाले तीन मगरमच्छ, वन विभाग ने चंबल नदी में छोड़ा

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के नारायणगढ़ क्षेत्र के हरसोल गांव में गुरुवार शाम वन विभाग की टीम ने गांव के एक कुएं से तीन मगरमच्छों को सुरक्षित निकाला। रेस्क्यू किए गए मगरमच्छों में से एक की लंबाई 11 फीट, जबकि अन्य दो मगरमच्छों की लंबाई 7-7 फीट है। वन विभाग की टीम ने तीनों मगरमच्छों को गुरुवार रात संजीत के पास बहने वाली चंबल नदी में सुरक्षित छोड़ दिया। रेस्क्यू ऑपरेशन में बीट प्रभारी जितेंद्र सिंह पंवार, मयूरराज सिंह चौहान और सुरक्षा श्रमिक कादर की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मामला आठ साल के बच्चे के कुएं में मिले शव का...

# मासूम की हत्या की आशंका, सौंपा ज्ञापन

### परिजनों ने बताए चार नाम, पुलिस जांच में जुटी

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** एक दिन पहले गुरुवार को घर से लापता 08 साल के मासूम का शव गुरुवार शाम सेतखेड़ी में कुए से मिला था। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि वह 17 वर्षीय नाबालिग के साथ घर से निकला था। वहां नाबालिग शराब पी रहा था, इसी दौरान मासूम जीशान खेलते-खेलते कुएं में गिर गया। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिवार ने हत्या की आशंका जताते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जीशान जयपुरा गांव का रहने वाला था। वह बुधवार सुबह से लापता था। परिजनों और पुलिस ने तलाश की। लेकिन, कोई सुराग नहीं मिला। गुरुवार शाम 17 वर्षीय किशोर की निशानदेही पर जीशान का शव सेतखेड़ी रेलवे फाटक के पास एक कुएं से मिला। एसडीआरएफ की मदद से रात करीब 9:30 बजे शव को कुएं से बाहर निकाला गया और बड़े अस्पताल भेजा गया। शुक्रवार दोपहर 03 डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमॉर्टम किया। पोस्टमॉर्टम के बाद शुक्रवार को ज़ीशान को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। सीएसपी सतनाम सिंह ने बताया कि शव मिलने के बाद मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। फिलहाल कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### पिता ने जताई हत्या की आशंका...

पोस्टमॉर्टम के दौरान अस्पताल पहुंचे परिजनों ने नाराजगी जताई। जीशान के पिता फिरोज मेव ने तहसीलदार सोनिका सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नाबालिग, गोलू, एजाज और काली पर हत्या की आशंका जताई और गहराई से जांच की मांग की। सूत्रों के अनुसार जिसने शव की जानकारी पुलिस को दी थी, वही किशोर मासूम जीशान के साथ आखिरी बार देखा गया था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु की है। प्रारंभिक पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि वह जीशान को अपने साथ लेकर गया था। बाद में शराब लेकर कुएं के पास बैठ गया। इसी दौरान जीशान खेलते हुए कुएं में गिर गया।

### डोडाचूरा मामले में तीन आरोपी अब तक फरार, 5-5 हजार का इनाम घोषित

**पिपलियामंडी, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने डोडाचूरा जब्ती के मामले में तीन आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। आरोपी किशन उर्फ रामकिशन पिता भंवरलाल पाटीदार, दिलीप पिता भेरूलाल पाटीदार, दोनों निवासी ग्राम गुड़भेली थाना पिपलियामंडी और दिलीप पिता रतनलाल गायरी निवासी चौथखेड़ी थाना नारायणगढ़ अब तक फरार हैं। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए हैं। पतारसी की जा रही है। पिपलियामंडी थाना प्रभारी विक्रमसिंह इवने ने बताया कि 8 दिसम्बर 2024 को पिपलियामंडी पुलिस ने 60 किलो डोडाचूरा पकड़ा था। इसमें तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों ने डोडाचूरा में उक्त तीनों व्यक्तियों के नाम भी... **शेष पेज 3 पर**



### सीबीएन भवानी मंडी की मंदसौर जिले में कार्रवाई...

# ग्यारह किलो गांजा जप्त

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** भवानी मंडी राजस्थान सीबीएन की टीम ने मंदसौर जिले के शामगढ़ क्षेत्र में कार्रवाई की है। जिसमें 11 किलो से ज्यादा गांजा जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।यह गांजा घर से जब्त किया गया है। केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.) राजस्थान के उप नारकोटिक्स आयुक्त, कोटा नरेश बुन्देल के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही की गई। उन्होने बताया की (सीबीएन) को एक विशेष सूचना मिली की एक व्यक्ति ने ग्राम मेलखेड़ा तहसील शामगढ़ में स्थित अपने घर पर भारी मात्रा में गांजा संग्रहित कर छुपा कर रखा है। उन्होने बताया की सीबीएन भवानीमंडी सेल के अधिकारियों की एक टीम ने 29 मई 2025 को उक्त घर पर छापा मारा और गांजा से भरे 02 बैग बरामद किए, जिनका कुल वजन 11.120 किलोग्राम था। कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात बरामद अवैध गांजा को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत जप्त कर लिया गया है तथा उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।



# बारिश का अलर्ट लगातार

## मानसून के पहले ही खेतों में बोवनी के लिए पानी, खेत तैयार नहीं कर पा रहे किसान

**मंदसौर, 30 मई गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में प्रतिदिन बादल छा रहे है। इसके अलावा उमस से लोगों की परेशानी फिलहाल कम नहीं हुई है। नौतपा के छठे दिन शनिवार को भी मध्यप्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि अभी मध्यप्रदेश के ऊपर से एक टर्फ गुजर रही है। वहीं, दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) भी एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। अभी तक मंदसौर में 22, भावगढ़ में 30, सुवासरा में 14, मल्हारगढ़ में 19, धुधडका में 22 मिमी बारिश हुई। जिले में पिछले बुधवार से गुरुवार सुबह आठ बजे तक चौबीस घंटे में .45 मिमी औसत बारिश



हुई। इसके पहले पूरे मई माह में हुई बारिश के आंकड़े को 01 जून-2024 से अब तक यानी गत वर्ष के आंकड़ों में जोड़ा गया। प्री-मानसून के दौर में ही मई माह में जिले में इतनी बारिश हो चुकी है कि जितनी बोवनी के लिए होना चाहिए। इसी कारण खेत-खलिहानों के आसपास खरपतवार के रूप में हरियाली भीषण गर्मी में दिखाई देने लगी है। प्री-मानसून के दौर में ही जिले में लगातार बारिश का दौर जारी है। पहली बार ऐसा हुआ हैं कि वैशाख व ज्येष्ठ माह में भी लगातार बारिश हो रही है। अब गर्मी में जहां धूल उड़ती दिखती है वहां हरियाली नजर आने लगी है। बोवनी के लिए जितनी बारिश की आवश्यकता खेतों में होती है उतना पानी तो प्री-मानसून में ही गिर गया है।

मंदसौर सहित समूचे अंचल में नोतपा से लेकर गर्मी के मौसम का मौसम चक्र इस बार बिगड़ा और बारिश हो रही है तो आंधी-तूफान भी चल रहा है। इस बीच उमस की गर्मी का दौर भी जारी है। शुक्रवार को भी दिनभर तेज धूप रही और उमस की गर्मी ने लोगों का हाल-बेहाल किया। जिले में आंधी के कारण बिजली कटौती भी अधिक हो रही है। किसान वर्ग भी बारिश को लेकर खरीफ सीजन की फसल को लेकर चिंता में है।

### खेत तैयार करना भी बना चुनौती...

प्री-मानसून में भले ही बारिश का दौर जारी है। लेकिन, मौसम विभाग के अनुसार जिले में मानसून समय पर दस्तक देगा। यानी 15 जून के बाद मानसून दस्तक देगा। किसानों के सामने सबसे बड़ी चिंता मानसून की दस्तक से पहले खरीफ सीजन में फसल की बोवनी के लिए खेतों को तैयार करना है। किसान खेतों में पानी व नमी के कारण खेतों को तैयार नहीं कर पा रहा है। वहीं लगातार हो रही बारिश की नमी के कारण खरीफ सीजन का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका किसानों को अभी से सता रही है।






स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in